पीआरवी के बेड़े में शामिल हुए छह नए वाहन

- एसपी व एएसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- शासन ने जिले को नए स्कार्पियो वाहन किए हैं आवंटित

जासं ● श्रावस्ती : भारत–नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने तथा आमजन को त्वरित पुलिस सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से शासन ने जिले को छह नए पीआरवी स्कार्पियो वाहन आवंटित किए हैं। इन वाहनों का लक्ष्य न केवल सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस गश्त को मजबूत करना है, बल्कि आपात स्थिति में नागरिकों तक तुरंत और प्रभावी सहायता पहुंचाना है।

एसपी राहुल भाटी व एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम ने बुधवार को भिनगा स्थित पुलिस कार्यालय परिसर से शासन से आवंटित नए पीआरवी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न क्षेत्रों में रवाना किया। एसपी ने बताया कि नए पीआरवी वाहन मुख्यतः सिरसिया व मल्हीपुर थाना क्षेत्र के भारत–नेपाल सीमा पर निरंतर गश्त, सतर्क निगरानी व नागरिकों को त्वरित सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित किए जाएंगे। यह वाहन जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम, वायरलेस संचार व्यवस्था, बाडी वार्न कैमरा, मोबाइल डाटा टर्मिनल तथा सीयूजी मोबाइल फोन जैसी अत्याधुनिक तकनीकों से लैस हैं। इससे पुलिस बल की प्रतिक्रिया क्षमता, पारदर्शिता और जनविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इन वाहनों में मेडिकल किट और अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध कराए गए हैं। इससे सड़क दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा या किसी भी आकस्मिक स्थिति में पुलिसकर्मी तुरंत प्राथमिक उपचार व सहयोग प्रदान कर सकें।

नए पीआरवी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एसपी राहुल भाटी (दाएं) ● जागरण

एसपी ने लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

कोतवाली भिनगा में अर्दली रुम करते एसपी। - स्रोतः पुलिस

श्रावस्ती। एसपी राहुल भाटी ने मंगलवार रात कोतवाली भिनगा में विवेचकों के साथ अर्दली रूम का आयोजन किया। उन्होंने लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और त्वरित गति से विवेचना पूरी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने के लिए निर्देशित किया। आगे कहा कि महिला संबंधी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उनका जल्द से जल्द निस्तारण करें। महिला संबंधी अपराधों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरदाश्त नहीं की जाएगी। एसपी ने गुंडा एक्ट, गैंगस्टर अधिनियम, साइबर फ्रॉड से संबंधित शिकायतों की भी समीक्षा की और निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान सीओ भिनगा सतीश कुमार शर्मा भी मौजूद रहे। (संवाद)